हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

12 अवैध गतिविधियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने औचक छापेमारी...



12 सरकारी स्कूलों का समय 8 बजे, नारनौल से ही चलती है 8:20 पर...



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR SCHOOL Affiliated to CBSE
MITTERPURA | ATELI
A Name of Dedication, Hardwork and Sincerity
FOUNDATION / JEE / NEET COACHING with Aakash Faculty Experts
ADMISSION OPEN Session 2026-27
MR SCHOOL Aakash Medical IIT-JEE Foundation
Aakash की FACULTY अब MR SCHOOL के साथ
MITTERPURA, NARNAUL (HR.) 9466945658, 9416903367 mrps530543@gmail.com www.mrpublicschool.com
NARNAUL ROAD, ATELI 8278085868, 9416903367 mrpsateli@gmail.com www.mrpsateli.in

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब रॉयल्स का साइकिल वितरण कार्यक्रम कल

**नारनौल।** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से उड़ान 2.0 मिशन के अंतर्गत 23 अप्रैल को मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 बजे साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित की जाएंगी। रोटरी क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीसी तरुण कुमार पवारिया होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार होंगे।

### गणियार गांव में भंडारा लगेगा 27 को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गणियार स्थित श्री हनुमान मंदिर में 27 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन की शुरुआत 26 अप्रैल को सुबह सवा सात बजे अखंड रामायण पाठ के साथ होगी। अगले दिन 27 को सुबह सवा आठ बजे कलश यात्रा एवं हवन का आयोजन किया जाएगा।

### कुएं में गिरने से व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** सतनाली थाना क्षेत्र के गांव नंगला में एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। सतनाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान राजस्थान के झुंझुनूं जिले के उरीका गांव निवासी महिपाल (50) के रूप में हुई है। उसके छोटे भाई नवीन कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि महिपाल के कोई संतान नहीं थी और वह मानसिक रूप से परेशान रहता था।

### बंद मकान से चोरों ने नकदी व जेवर उड़ाए

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर में एक बंद मकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी और चांदी के जेवर चुरा लिए। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सतबीर सिंह, जो सेना से सेवानिवृत्त हैं, 24 मार्च को अपने बेटे शिवांशु के पास गुरुग्राम गए हुए थे, उनका मकान तभी से बंद था। सोमवार को पड़ोसियों ने सतबीर सिंह के घर का गेट खुला देखा, जिस पर उन्हें शक हुआ और उन्होंने सतबीर सिंह को इसकी सूचना दी।

### जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लागू कर रहा पारदर्शी व आधुनिक प्रणाली

# राशन डिपो होंगे हाईटेक, 5जी वाली 305 पीओएस मशीनें मिलेंगी, आंखें होंगी स्कैन

- इस मशीन के साथ दी जाएंगी इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन
- नई मशीनों के आने से राशन वितरण व्यवस्था में आएगी तेजी

*जितना राशन का होगा वजन, उतने की ही पर्ची निकालेगी यह डिजिटल मशीन, पहले थी 2जी मशीनें, जिले में इस समय 1 लाख 42 हजार 546 राशनकार्ड, इनमें 5 लाख 21 हजार 287 सदस्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जिला खाद एवं आपूर्ति विभाग जल्द ही जिले के सभी राशन डिपो पर 305 नई पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनें उपलब्ध करवाने जा रहा है। इन नई मशीनों के आने से राशन वितरण व्यवस्था में न केवल तेजी आएगी, बल्कि गड़बड़ी और अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगेगी। खास बात यह है कि इन अत्याधुनिक मशीनों में अब केवल अंगूठे (फिंगरप्रिंट) से ही नहीं, बल्कि आंखों (आईरिस स्कैन) के माध्यम से भी लाभार्थियों की पहचान की जा सकेगी। इससे उन लोगों को भी राहत मिलेगी, जिनके फिंगरप्रिंट किसी कारणवश मैच नहीं हो पाते थे। नई तकनीक से पहचान प्रक्रिया अधिक सटीक और सुरक्षित हो जाएगी। इसके अलावा इन पीओएस मशीनों के साथ इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन भी दी जाएगी। राशन वितरण के दौरान जितना वजन उपभोक्ता को दिया जाएगा, उतने



ही वजन की पर्ची यह डिजिटल मशीन तुरंत निकाल देगी। इससे उपभोक्ताओं को सही मात्रा में राशन मिलने की गारंटी होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। अब उपभोक्ता खुद भी अपने राशन के वजन और विवरण को पर्ची के माध्यम से आसानी से जांच सकेंगे।

#### अब चल रही 2जी, नई मशीन है 5जी

वर्तमान में जिले में 2जी तकनीक पर आधारित पुरानी पीओएस मशीनें इस्तेमाल की जा रही हैं, जिनमें नेटवर्क की समस्या और धीमी गति जैसी दिक्कतें सामने आती रही हैं। नई 5जी तकनीक से लैस मशीनों के आने के बाद यह समस्याएं काफी हद तक खत्म हो जाएंगी। तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी के चलते डेटा प्रोसेसिंग तेजी से होगी और लाभार्थियों को लंबी कतारों में कम समय तक इंतजार करना पड़ेगा।

#### जिला में वितरण की स्थिति

अप्रैल माह के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो जिला में कुल एक लाख 42 हजार 546 राशनकार्ड है। इनमें पांच लाख 21 हजार 287 परिवार सदस्य है। विभाग ने इन राशनकार्ड को दो श्रेणी में विभाजित किया हुआ है। यह एएवाई और बीपीएल श्रेणी है। एएवाई की बात करें तो इसमें 10 हजार 650 राशन कार्ड है, जिनके अंदर 29 हजार 308 परिवार सदस्य है। वहीं बीपीएल श्रेणी में एक लाख 31 हजार 96 राशनकार्ड बनाएं गए है। इन बीपीएल राशन कार्ड में चार लाख 91 हजार 979 सदस्य शामिल है।

#### क्या कहते है वितरण इंचार्ज

जिला खाद एवं आपूर्ति विभाग के वितरण इंचार्ज कुलदीप भारद्वाज ने बताया कि यह मशीने अगले सप्ताह तक जिला में पहुंच जाएगी। इस नई व्यवस्था से न केवल वितरण प्रणाली मजबूत होगी। डिजिटल रिकॉर्डिंग और रियल-टाइम डेटा अपडेट से हर लेन-देन पर नजर रखना आसान होगा। इन नई मशीनों के लागू होने से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें पारदर्शी, सटीक एवं तेज सेवा प्राप्त होगी। आने वाले समय में महेंद्रगढ़ जिले की राशन वितरण प्रणाली पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक रूप में नजर आएगी।

## सफाई कर्मियों ने दूसरे दिन भी काले बिल्ले लगाकर किया काम



**महेंद्रगढ़।** सरकार के प्रति नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को भी सरकार के प्रति विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। इसके अलावा कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय में सरकार के प्रति नारेबाजी भी की। कर्मचारियों का कहना है कि काफी लंबे समय से सरकार द्वारा उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार द्वारा कर्मचारियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। इससे पहले भी लगातार पूर्व निकाय मंत्री के मुख्य सचिव की अध्यक्षता मीटिंग हुई। 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ता में लगभग सभी मांगों पर मंत्री ने जल्द ही पत्र जारी करने का विश्वास दिलाया था। कुछ पत्र जारी तो हुए हैं लेकिन समझौते से विपरीत तोड़ मरोड़ के पत्र जारी किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर घनश्याम, संदीप, विनोद, बीरजू, संदीप, राजेश, विजय, चांदराम, कविता, राजू, रिंकू, रामपाल, कविता, कृष्णा, देवानंद, धीरज, सुमित, रवि, आशु, सचिन, रोहित, सचिन, सुंदर सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हरिद्वार-साबरमती ट्रेन का नारनौल में ठहराव

**नारनौल।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मण्डल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा भी मार्ग परिवर्तित रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा पांच मई को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी।

## बीपीएल व एएवाई कार्डधारक 30 अप्रैल तक ले सकेंगे दो माह का गेहूं

- यदि कोई कार्डधारक अप्रैल में मई का गेहूं नहीं ले पाता, तो वह मई में मई व जून दोनों का गेहूं ले सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से माह अप्रैल में सभी डिपोधारकों के माध्यम से इस माह अप्रैल व मई का गेहूं एक से 30 अप्रैल तक वितरण करवाया जा रहा है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सावित्री बाई ने बताया कि बीपीएल, एएवाई राशनकार्ड धारक माह अप्रैल में पीओएस मशीन पर अलग अलग माह के लिए अंगूठा लगाकर माह अप्रैल व मई दोनों माह का गेहूं निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कोई भी राशनकार्ड धारक जो माह अप्रैल में माह मई का गेहूं प्राप्त नहीं कर पाएगा, वह माह मई में अपना गेहूं प्राप्त कर सकता है। माह अप्रैल का राशन 30 अप्रैल तक ही वितरण करवाया जाएगा। इसके पश्चात कोई भी राशनकार्ड धारक माह अप्रैल का राशन प्राप्त नहीं कर पाएगा। माह जून के गेहूं का वितरण एक मई से 31 मई तक किया जाएगा तथा जो राशनकार्ड धारक माह अप्रैल में माह मई का गेहूं प्राप्त नहीं कर पाता है, तो वह कार्डधारक माह मई में माह मई व जून का गेहूं निःशुल्क अलग अलग माह के लिए पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर प्राप्त कर सकता है। चीनी व सरसों तेल पूर्व की भांति चीनी 13.50 रुपये प्रति किलोग्राम प्रति राशनकार्ड व सरसों तेल एक लीटर प्रति राशनकार्ड 30 रुपये प्रति लीटर अथवा दो लीटर प्रति राशनकार्ड 50 रुपये प्रति लीटर दोनों मात्रा में से कोई एक की दर से हर माह प्राप्त कर सकता है। कोई भी डिपोधारक किसी भी सूरत में लाभार्थी राशनकार्डधारकों को कम व अधिक मात्रा में आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं करेगा। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सावित्री बाई ने बताया कि यदि कोई डिपोधारक कार्डधारकों उपभोक्ताओं को सरकारी हिदायतानुसार राशन वितरण नहीं करता है, तो उस डिपोधारक के खिलाफ सख्त से सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नपा कनीना उपचुनाव: नामांकन के पहले दिन नहीं पहुंचा कोई उम्मीदवार

**नारनौल।** नगर पालिका कनीना के वार्ड संख्या 14 में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन मंगलवार को किसी भी उम्मीदवार ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया है। यह जानकारी देते हुए चुनाव रिटर्निंग अधिकारी नगर पालिका कनीना एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा की ओर से जारी अधिसूचना की अनुपालन में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले के तहत आने वाली नगर पालिका कनीना के रिक्त वार्ड के लिए मंगलवार को नामांकन का पहला दिन था। शाम तक कार्यालय में एक भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ, जिसकी अधिकारिक रिपोर्ट उपायुक्त व राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला को भेज दी गई है। एसडीएम ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए निर्वाचन विभाग पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और संभावित उम्मीदवारों से अपील की है कि वे चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित समय सीमा और नियमों का पालन करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## जिले में 90 प्रतिशत लाभार्थियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




**नारनौल।** बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने मंगलवार को यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। सिविल सर्जन ने बताया कि आज पूरे जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों, मलिन बस्तियों और ईंट भट्ठों सहित सभी चिन्हित स्थानों पर एक से 19 वर्ष तक के लाभार्थियों को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। जिले में इस स्वास्थ्य अभियान को व्यापक सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि कुल 345395 लाभार्थियों में से आज लगभग 310862 लाभार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही दिन 90 प्रतिशत का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि जो लाभार्थी आज किसी कारणवश दवा खाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें पांच मई को आयोजित होने वाले मॉप अप दिवस के अवसर पर दवा खिलाकर 100 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। उप सिविल सर्जन आरबीएसके डॉ. पंकज यादव ने दवा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली लेने से पेट के कीड़ों से मुक्ति मिलती है और उन्हें एनीमिया जैसी गंभीर समस्या से बचाया जा सकता है, यह गोली बच्चों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इस मौके पर डीईआईसी मैनेजर डॉ. दीपक कौशिक, काउंसलर विजय यादव, डीपीएम संदीप यादव, स्कूल के प्रिंसिपल नरेश, अध्यापकगण तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिना प्रशासन की अनुमति सड़क से ले जाई जा रही बड़ी मशीन पेड़ में फंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



**कनीना।** आनावास के समीप स्टेट हाइवे से मशीन हटाने में मदद करते राहगीर।

स्टेट हाईवे 24 पर मंगलवार सायं भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। बता दें कि बिना प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति व एस्कॉर्ट के बड़ी मशीन ले जाई जा रही थी, जो अनावास के समीप सड़क किनारे खड़े कीकर के पेड़ में उलझ गई। इस अप्रत्याशित घटना के कारण सड़क पूरी तरह बाधित हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। देखते ही देखते सीगड़ा से लेकर झगडोली तक करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ वाहन चालक खेतों से होकर वाहन ले जाते दिखाई दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मशीन का संतुलन बिगड़ने के कारण वह पेड़ में फंस गई, जिससे वाहनों की आवाजाही रूक गई। जाम में फंसे लोगों में स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी व अन्य यात्री शामिल थे, जिन्हें तेज धूप व उमस के बीच घंटों इंतजार करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस का ईआरवी वाहन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया गया। हालांकि मशीन के पेड़ में बुरी तरह उलझ जाने के कारण उसे हटाना आसान नहीं था। साढ़े चार बजे करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दो ट्रैक्टर बुलाए गए, जिनकी सहायता से मशीन को सावधानीपूर्वक सड़क के किनारे किया गया।

### डीसी अनुपमा ने ली बैठक, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन मुस्तैद

## 3 मई को नीट परीक्षा: मोबाइल, घड़ी, वॉलेट, रुमाल आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं ले जा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा को लेकर उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने मंगलवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व नीट परीक्षा के केंद्र अधीक्षकों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में डीसी ने कहा कि आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को पूरी तरह से नकल मुक्त व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना सरकार और जिला



**नारनौल।** नीट परीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजलि।

प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए, ताकि किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश न रहे। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में डीसी ने उम्मीदवारों की सुविधा और नियमों के पालन पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगा और दोपहर 01:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, नगराधीश डॉ. मंगल सैन, डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### पीपीटी के जरिए केंद्र अधीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, घड़ी, वॉलेट, रुमाल, किसी भी प्रकार के आभूषण या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा के लिए आवश्यक पेन भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से केंद्र पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे में उम्मीदवार बाहर से कोई भी स्टेशनरी न लाएं। उम्मीदवारों को अपने साथ केवल एडमिट कार्ड, पासपोर्ट साइज की दो फोटो व एक वैध मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। बैठक के दौरान नीट कोऑर्डिनेटर ओपी यादव ने पीपीटी के जरिए केंद्र अधीक्षकों को प्रशिक्षण दिया।



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

## लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।




# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला





# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे



पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।** 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## सीएचसी अटेली में 48 हजार से अधिक बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां



मंडी अटेली। क्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत व्यापक अभियान की शुरुआत करते हुए सीएचसी अटेली ब्लॉक में पहले ही दिन 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सांगवान के नेतृत्व में किया गया, जहां बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्ति दिलाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गई। जानकारी देते हुए एसएमओ ने बताया कि अभियान के तहत सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, कॉलेजों तथा तकनीकी संस्थानों में एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दवा खिलाई जा रही है। ब्लॉक अटेली में इस आयु वर्ग के कुल 51,460 लाभार्थियों में से पहले दिन ही लगभग 48,890 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां दी गई। जिससे विभाग ने 95 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश दवा लेने से वंचित रह गए हैं उन्हें पांच मई 2026 को आयोजित 'मॉप-अप डे'पर कवर किया जाएगा जिससे 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।एसएमओ ने कहा कि यह दवा बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्त करने के साथ-साथ एनीमिया जैसी समस्याओं से भी बचाती है और पूरी तरह सुरक्षित है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पंकज यादव, डॉ. मनीष यादव, बीआर मुकेश सोनी, पूजा तथा देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हर 10 साल में जनगणना के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों का पुनर्निर्धारण होता है

# महिला आरक्षण पर विपक्ष का प्रचार भ्रामक, यथार्थ को समझने की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महिला आरक्षण पर चल रहे राजनीतिक द्वंद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण पर किया जा रहा प्रचार आम आदमी को भ्रमित करने वाला है। उन्होंने इसके कानूनी पहलू पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह संविधान में दिए गए प्रावधानों के अनुसार एक आवश्यक प्रक्रिया है, जिसको पूरा किए बिना महिला आरक्षण को ज़मीन पर लाना संभव नहीं है। उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि संविधान की धारा 81 और 82 में दिए गए प्रावधानों में यह स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था है कि प्रत्येक दस साल के बाद में होने वाली जनगणना के प्रथम आंकड़ों के आधार पर हर 10 वर्ष बाद लोकसभा एवं सभी प्रदेश के विधानसभाओं का पुनर्निर्धारण जनसंख्या के अनुपात में किया जाएगा। इसे परिसीमन कहा जाता है। संविधान की इस मूल व्यवस्था को बदलते हुए वर्ष 1976 में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से इस व्यवस्था में संशोधन करते हुए लोकसभा एवं सभी प्रदेश की विधानसभाओं के परिसीमन के लिए 1971 की जनगणना के आधार पर उनकी संख्या वर्ष 2001 तक स्थिर कर दी गई।

### माना गया, यह आरक्षण 2029 के आगामी चुनावों में होगा लागू



इसी बीच वर्ष 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के माध्यम से महिलाओं को लोक सभा एवं सभी प्रदेश विधानसभाओं में 33 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया गया। साथ साथ इसमें यह प्रावधान भी किया गया कि इस आरक्षण के क़ानून बनने के उपरांत होने वाली प्रथम जनगणना के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया जाएगा और ऐसा माना गया कि यह आरक्षण 2029 के आगामी चुनावों में लागू कर दिया जाएगा। परंतु वर्तमान जनगणना की निश्चित तिथि एक मार्च 2027 है, जब उक्त जनगणना के आंकड़े परिसीमन के लिए उपलब्ध हो पाएंगे। इस स्थिति में 2027 के उपरांत 2029 के चुनाव से पहले परिसीमन को पूरा किया जाना संभव नहीं हो पाएगा, क्योंकि पिछले परिसीमन में परिसीमन आयोग का गठन वर्ष 2002 में हुआ और यह परिसीमन वर्ष 2008 में पूरा हो पाया था। अतः वर्तमान परिस्थितियों में 2027 में प्रारंभ करने पर 2029 के चुनाव से पहले परिसीमन पूरा नहीं किया जा सकता। इसके परिणाम स्वरूप महिला आरक्षण 2029 के चुनावों में लागू किया जाना संभव नहीं होगा।

### विपक्ष की जिद: 1971 की पुरानी जनगणना के आंकड़ों के आधार पर मिले आरक्षण

इन परिस्थितियों में सरकार ने 131वें संविधान संशोधन के माध्यम से 2029 में महिला आरक्षण लागू करने का एक समाधान प्रस्तुत किया है। इस संशोधन विधेयक में प्रस्तावित किया गया है। क्योंकि वर्तमान जनगणना के जनसंख्या आंकड़े समय पर उपलब्ध नहीं हो रहे। अतः 2011 की पिछली जनसंख्या को आधार मानते हुए परिसीमन करने का प्रस्ताव सरकार लेकर आई है। इसमें लोकसभा और प्रदेश की विधानसभाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की है तथा इसमें 2011 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को अंतिम रूप दिया जाना है। इसके साथ ही परिसीमन करने के लिए परिसीमन आयोग का प्रस्ताव भी सरकार ने पेश किया है। परंतु विपक्ष की ज़िद यह है कि वर्तमान में परिसीमन भी 1971 की पुरानी जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही किया जाए तथा सदस्यों की कुल संख्या को पहले की तरह ही स्थिर रखा जाए। विपक्ष का यह तर्क काल चक्कर की घड़ी को उल्टा घुमाने जैसा है। संविधान की मूल धाराएं बहुत स्पष्ट रूप से हर 10 वर्ष के बाद में उपलब्ध जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन करने का प्रावधान करती हैं।

## खबर संक्षेप

### बेटी का घोड़ी पर बनवारा निकाल दिया एक समान का संदेश

मंडी अटेली। गांव सिहमा के शिवरतन ने बेटा-बेटी के फर्क को दूर करने के लिए व लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक करने के लिए अपनी बेटी का रीना का बनवारा बैंड-बाजों के साथ घोड़ी पर धूमधाम से निकाला। इस मौके पर लड़की के दादा ओमप्रकाश ने बताया किआज के समय बेटियां बेटों से बिल्कुल कम नहीं हैं। शिक्षा, सेना व खेल के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी लड़कियों का विशेष योगदान है।

### रवि गर्ग बने अग्रवाल वैश्य समाज के उपाध्यक्ष

नारनौल। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने रवि गर्ग को अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का दोबारा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अपनी नियुक्ति के लिए रवि गर्ग ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता, प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला व जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला का आभार व्यक्त किया। रवि गर्ग अग्रवाल सभा नारनौल के निर्वाचित महामंत्री भी है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज का उद्देश्य समाज के युवाओं को एकजुट करना और उन्हें समाज के विकास में सक्रिय रूप से भागीदार बनाना है।

### सेक्टर में माता की चौकी का आयोजन

नारनौल। टाईगर क्लब परिवार की ओर से माता रानी की चौकी अंकित गर्ग के निवास स्थान हुडा सेक्टर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रधान राकेश यादव, नरेंद्र बंसी, सुनील शर्मा, टीटू सोनी, श्रीचंद सैनी ने की। सर्वप्रथम पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। गणेश वंदना गायकार नरेंद्र बंशी व माता का गायकर नवीन वशिष्ठ ने किया।

### बाल संस्कार केंद्र में यज्ञ गोष्ठी आयोजित

नारनौल। विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में सीता नवमी प्रकल्प के तहत मातृशक्ति संगठन की ओर से हुडा सेक्टर बाल संस्कार केंद्र में 70वीं यज्ञ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सभी ने यज्ञ में घी, सामग्री की विशेष आहुतियां डाली। इस अवसर पर परिषद की पद्धति अनुसार सत्संग का आयोजन भी किया गया। मातृशक्ति प्रान्त सेवा प्रमुख डॉ. कृष्णा आर्या के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बाल संस्कार प्रमुख सिलोचना ने लव कुश के बाल चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य गीतबाई ने स्त्री शक्ति सीता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

### पुलिस ने लापता मासूम को परिजनों से मिलाया

नारनौल। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से लापता हुए एक नाबालिग बच्चे को महज एक घंटे के भीतर सकुशल खोजकर उसके परिजनों से मिलवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र एक गांव का रहने वाला नाबालिग बच्चा अपने दादा की डांट से नाराज होकर बिना किसी को बताए घर से चला गया था। शाम के समय परेशान परिजनों ने जब इसकी सूचना पुलिस को दी, तो पुलिस तुरंत हरकत में आई और गंभीरता से बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

## पुरानी पेंशन बहाली, महंगाई भत्ता समानता, निजीकरण पर रोक की मांगों को लेकर तीन घंटे डटे रिटायर्ड कर्मचारी

# मिनी सचिवालय में तपती धूप के बीच पेंशनर्स का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल







नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते रिटायर्ड पेंशनर्स। व पीएम के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा (रजिस्टर्ड नंबर:0096) से संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन की जिला इकाई ने मंगलवार को मिनी सचिवालय स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चले इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान घनश्याम शर्मा ने किया, जबकि मंच संचालन जिला सचिव रोशन लाल निंबल ने संभाला। धरने में बड़ी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम में राज्य महासचिव रतन जिंदल, राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान एवं किसान नेता धर्मेंद्र यादव तथा भारत संचार निगम लिमिटेड यूनियन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कामरेड रमेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। धरना-प्रदर्शन के बाद पेंशनर्स ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की अपील की। राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन की दूसरी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 22-23 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र स्थित सैनी समाज धर्मशाला में आयोजित की गई थी, जिसकी मेजबानी हरियाणा इकाई ने की। सम्मेलन में देशभर से 312 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कामरेड सुरेंद्र चौधरी (बिहार), महासचिव के रूप में कामरेड वजीर सिंह (हरियाणा) और वित्त सचिव के रूप में कामरेड अरुण घोष (पश्चिम बंगाल) सहित कुल 30 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में 12 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से फाइनेंस बिल वैलिडेशन एक्ट 2025 को रद्द करने, नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का लाभ 31 दिसंबर 2025 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देने, तथा महंगाई भत्ते को केंद्र सरकार के बराबर करने की मांग शामिल है। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 महीने के महंगाई भत्ते का एरियर ब्याज सहित देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। राज्य महासचिव रतन जिंदल ने कहा कि पब्लिक सेक्टर और सरकारी संस्थानों जैसे बिजली, बीमा, बैंकिंग आदि के निजीकरण का कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों और पेंशनर्स के अधिकारों की रक्षा करने, सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कॉर्पोरेट हितों के बजाय आम जनता के हित में नीतियां बनाने की मांग की। किसान नेता मास्टर धर्मेंद्र यादव ने भी मंच से किसानों की समस्याओं को उठाते हुए अनाज मंडियों में लागू नए नियमों को रद्द करने और सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने की मांग की।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर होशियार सिंह लाम्बा, गुरूदयाल सिंह नाहर, छोटेलाल, आनंद जोशी, ओमप्रकाश दायमा, बलबीर सिंह यादव, ताराचंद सैनी, दुलीचंद गोठवाल, विजय सिंह यादव, सुरेश कुमार और जगबीर सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। धरना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।*



## कार्यकारी अभियंता के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल में दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा, जिसकी अध्यक्षता जिला चेयरमैन विनोद कुमार व मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया। कार्यकारी अभियंता अमित जैन की मध्यस्ता से यूनियन शिष्ट मंडल के साथ मीटिंग हुई और सभी मांगों को सीमित समय में पूरी करने पर सहमति बनी। ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि अगर सीमित समय में मांगे पूरी नही की तो संगठन को मजबूर होकर दोबारा से संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा तो इसकी पूर्ण जवाबदारी कार्यकारी अभियंता की होंगी। प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र यादव ने धरने के समापन पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने ग्रामीण जल व्यवस्था को पंचायत के अधीन करने का जो फैसला लिया है, उसका यूनियन पूर जोर विरोध करती है। सभी परिमंडल कार्यालयों पर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसी कड़ी में 12 मई को परिमंडल कार्यालय नारनौल में अधीक्षक अभियंता के माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा, जिसमें सभी कर्मचारियों से बढ़–चढ़कर भाग लेने का अनुरोध किया। अगर समय रहते सरकार ने यह फैसला वापिस नहीं लिया तो आने वाले समय में हो सकता है कि संगठन जन स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव करने को भी मजबूर हो सकता है।

### जॉब सिक्योरिटी नहीं

महेंद्र यादव ने कहा कि उनकी मांग है कि एचकेआरएन कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है, लेकिन 20 दिसंबर से लेकर आज तक किसी भी कर्मचारी की जॉब सिक्योरिटी अपडेट नहीं हुई। 31 दिसंबर 2025 को जिन कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ था, उनका आज तक पे फिक्सेशन नही हुआ है। जनवरी में जिन कर्मचारियों की एसीपी लगनी थी, वो आज तक नहीं लगी है, जिनसें कर्मचारियों का हर महीने आठ हजार का आर्थिक नुकसान हो रहा हैं।

### छात्राओं को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

नारनौल। क्षेत्र के गांव गोद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गईं, ताकि उन्हें आंतों के कीड़ों (कृमि संक्रमण) से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम का आयोजन प्रातःकाल में किया गया, जिसकी अगुवाई पीएचसी बलाहा कलां के मेडिकल अफसर एवं इंचार्ज डॉ. निखिल बहल ने की। उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूल पहुंची और छात्राओं को दवा वितरण के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इस अवसर पर डॉ. निखिल बहल ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है, जिससे कुपोषण, कमजोरी और पढ़ाई में ध्यान की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।



नारनौल। गोद में कृमिनाशक दिवस पर संबोधित करते डा. निखिल बहल।



नारनौल। बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

### मध्यस्थता शांति स्थापित करने का एक सशक्त माध्यमः सीजेएम

नारनौल। मध्यस्थता केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज में शांति स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान को गति देने और आपसी विवादों को समझौते के माध्यम से निपटाने के उद्देश्य से आयोजित मध्यस्थों, पैनल अधिवक्ताओं और कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक लेते हुए कही। सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का उद्देश्य अदालतों में बढ़ते बोझ को कम करना और जनता को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाना है। उन्होंने मध्यस्थों को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक मामलों में सुलह समझौते के प्रयास करें।

### फसल खरीद के साथ लिफ्टिंग पर फोकस

महेंद्रगढ़। एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। एसडीएम ने कहा कि जिले की मंडियों में रबी सीजन की फसलों की खरीद के साथ ही उपज की नियमानुसार लिफ्टिंग पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस है। एसडीएम ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने एजेंसियों व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए जाएं।



महेंद्रगढ़। मंडी का दौरा करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि



कनीना। कांग्रेस की सद्भावना यात्रा का स्वागत करते लोग।

### कांग्रेस की सद्भावना यात्रा कनीना पहुंची

कनीना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा मंगलवार को अटेली विधानसभा के गांव चेलावास, उन्हाणी, कनीना, कोटिया होते हुए शाम को समय कोसली विधानसभा में प्रवेश कर गई। कनीना पहुंचने पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का पगड़ी पहनाकर व फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने बताया कि साढ़े छह महीने पूर्व सद्भाव यात्रा शुरू हुई थी। कल हम 81वीं विधानसभा अटेली में पहुंचे थे। आज शाम के समय कोसली विधानसभा में प्रवेश कर जाएंगे। आने वाली पांच मई को रोहतक में सद्भाव यात्रा का समापन होगा। यह यात्रा पूरे प्रदेश में 36 बिरादरी के आपसी भाईचारा बना रहने के उद्देश्य के लिए निकली जा रही है। सद्भाव यात्रा का नारा है कि कांग्रेस का हाथ भाईचारे के साथ, सद्भाव यात्रा के दो पहलू है। पहला सामाजिकता और दूसरा बीजेपी पार्टी समाज में आपसी बिगाड़ लाने का प्रयास कर रही है।

## जेईई मैन परीक्षा परिणाम में राठ इंटरनेशनल स्कूल छाया



रेवाड़ी। एन टी ए द्वारा घोषित जेईई मैन 2026 (फेस -2) के परीक्षा परिणाम में राठ इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी बेस्ट % आइल के साथ पूरे भारत में 2-3 डिजिट में रैंक प्राप्त कर प्रसिद्धि पाई है. परिणाम की जानकारी देते हुए सेक्रेटरी नितेश यादव ने बताया कि यश यादव पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह यादव ने 99.9937 % आइल के साथ पूरे प्रदेश में 24वीं रैंक प्राप्त की। जबकि प्रणिल, खनिका, लक्ष्य, प्रिंस, सतीजा, अनुष्का, प्रथम, पार्थ, आदित्य और ईशित आदि छात्रों ने 99% आइल से अधिक प्राप्त कर जी एडवांस की परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है। इसके साथ ही तरुण, उमेश, दीपांशु, विनीत, सागर राज, अंकुर, दक्ष, रोहित, अर्चना, हर्ष, लक्ष्य, ध्रुव, गौरव, भावी, नकुल, हर्षवर्धन, ईशांत, सहयोग, साहिल, प्रिया आदि छात्रों ने 95% आइल से अधिक प्राप्त कर जी एडवांस के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सेक्रेटरी नितेश यादव ने बताया कि 99 आइल से अधिक 11, 95% आइल से अधिक 27, 90% आइल से अधिक 38, 85% आइल से अधिक 55, 80% आइल से अधिक 75 छात्रों ने जी एडवांस 2026 परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है।

## सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था के विस्तार से कार्य को गति मिलेगीः सत्यव्रत शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



अहीरवाल क्षेत्र हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली तीन राज्यों और नौ जिलों में फैला हुआ है। इस क्षेत्र की प्राचीन संस्कृति, इतिहास और परंपराओं पर काम करने वाली संस्था है, जिसने इस क्षेत्र के 2500 गांवों का इतिहास लेखन का काम पूरा किया है। यह अपने आप में बड़ा और आने वाली पीढ़ियां के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा। सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने सांस्कृतिक अहीरवाल की प्राचीन संस्कृति को पुनर्वैभव पर लाने के लिए एक लंबी कार्य योजना का निर्माण किया है। जिसमें लंबे समय काम करके इसकी कोई प्रतिष्ठा को प्राप्त करना है। इस क्षेत्र के पूर्वजों द्वारा स्थापित मान बिंदुओं, परंपराओं से जिस प्रकार से वर्तमान पीढ़ी अनजान हैं, उसको साथ लेकर उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास करना है। अहीरवाल के इस काम को और अधिक व्यवस्थित रूप से गति देने के लिए समाज के प्रतिष्ठित एवं योग्य व्यक्तियों को नियुक्ति देकर एक कदम और आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में इस कार्य योजना के अंतर्गत सभी इकाइयों के लिखे गए इतिहास को प्रकाशित कर जन-जन तक पहुंचाना तथा सांस्कृतिक अहीरवाल क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन केन्द्रों को विश्व के मानचित्र पर स्थापित कर लोगों को उसके प्रति आकर्षित करना रहेगा।

### राजस्थान क्षेत्र के प्रभारी बने एसपी यादव

सांस्कृतिक अहीरवाल के केंद्रीय कार्यालय नारनौल से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नियुक्ति की घोषणा की है जिसमें अहीरवाल के राजस्थान क्षेत्र में डॉक्टर एसपी यादव सीहोर खेतड़ी को राजस्थान क्षेत्र का प्रभारी तथा देशपाल यादव की ईशरोदा तिजारा को सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जिला झुंझुनूं में कर्णपाल नावता, जिला सीकर में सुंडाराम एडवोकेट, कोटपूतली बहरोड में डाक्टर रामकुमार यादव, जिला खैरथल तिजारा में रामसिंह यादव मनेठी को संयोजक का दायित्व दिया गया है। संगठन द्वारा दी नियुक्ति पर संगठन के लोगों ने खुशी जाहिर की है और विश्वास व्यक्त किया है कि संगठन जिस प्रकार से पिछले पांच वर्षों से निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, इनकी नियुक्ति से इस काम को और अधिक गति प्राप्त होगी।


**नीलामी सूचना**

रा.प्रा.पा. नांगल चौधरी खण्ड नांगल चौधरी, महेंद्रगढ के जर्जर भवन पूरा भवन की खुली बोली दिनांक 05.05. 2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोलीदाता को धरो. हर के रूप में 10000 रूपए नीलामी के दिन स्कूल मुखिया के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी की शर्तें मौके पर बताई जाएगी। स्कूल कमेटी का फैसला अन्तिम होगा।

मुख्य शिक्षक एवं एसएमसी
रा.प्रा.पा. नागल चौधरी
मो. 9518678187, 9416884313

**रा. प्रा. पा. बनिहाडी (14996) खण्ड नांगल चौधरी मो. 9812844219**

**बोली सूचना**

रा. प्रा. पा. बनिहाडी जर्जर 2 कमरों की नीलामी 05 मई 2026 को प्रातः 11 बजे स्कूल में लगेगी। बोलीदाताओं द्वारा 5000 रूपए जमानत के रूप में बोली से पूर्व जमा करवानी होगी। शर्त समय पर एसएमसी कमेटी द्वारा बताई जाएगी। एसएमसी कमेटी का फैसला मान्य होगा।

एसएमसी रा. प्रा. पा. बनिहाडी

**बोली सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मानपुरा (14950) खण्ड कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ के जर्जर भवन को हटवाने की खुली बोली वार मंगलवार 05.05.2026 को सुबह 10 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। नियम व शर्ते मौके पर बताई जाएगी। स्कूल की प्रबंधन समिति अंतिम निर्णय लेगी।

स्कूल प्रबंधन समिति
राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मानपुरा, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)

